StudentBounty.com

Test Paper : **II**

Test Subject : **HINDI**

Test Subject Code : **K-2211**

Test Booklet Serial No. : ____________

OMR Sheet No. : ____________

Roll No. | | | | | | | | |

(Figures as per admission card)

**Name & Signature of Invigilator/s**

Signature : ____________ Signature : ____________

Name : ____________ Name : ____________

**Paper : II**

**Subject : HINDI**

Time : 1 Hour 15 Minutes | Maximum Marks : 100

Number of Pages in this Booklet : **8** | Number of Questions in this Booklet : **50**

**ಅಭ್ಯರ್ಥಿಗಳಿಗೆ ಸೂಚನೆಗಳು**

1. ಈ ಪುಟದ ಮೇಲ್ತುದಿಯಲ್ಲಿ ಒದಗಿಸಿದ ಸ್ಥಳದಲ್ಲಿ ನಿಮ್ಮ ರೋಲ್ ನಂಬರನ್ನು ಬರೆಯಿರಿ.
2. ಈ ಪತ್ರಿಕೆಯು ಬಹು ಆಯ್ಕೆ ವಿಧದ ಐವತ್ತು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳನ್ನು ಒಳಗೊಂಡಿದೆ.
3. ಪರೀಕ್ಷೆಯ ಪ್ರಾರಂಭದಲ್ಲಿ, ಪ್ರಶ್ನೆಪುಸ್ತಿಕೆಯನ್ನು ನಿಮಗೆ ನೀಡಲಾಗುವುದು. ಮೊದಲ 5 ನಿಮಿಷಗಳಲ್ಲಿ ನೀವು ಪುಸ್ತಿಕೆಯನ್ನು ತೆರೆಯಲು ಮತ್ತು ಕೆಳಗಿನಂತೆ ಕಡ್ಡಾಯವಾಗಿ ಪರೀಕ್ಷಿಸಲು ಕೋರಲಾಗಿದೆ.
   (i) ಪ್ರಶ್ನೆ ಪುಸ್ತಿಕೆಗೆ ಪ್ರವೇಶಾವಕಾಶ ಪಡೆಯಲು, ಈ ಹೊದಿಕೆ ಪುಟದ ಅಂಚಿನ ಮೇಲಿರುವ ಪೇಪರ್ ಸೀಲನ್ನು ಹರಿಯಿರಿ. ಸ್ಟಿಕ್ಕರ್ ಸೀಲ್ ಇಲ್ಲದ ಪ್ರಶ್ನೆಪುಸ್ತಿಕೆ ಸ್ವೀಕರಿಸಬೇಡಿ. ತೆರೆದ ಪುಸ್ತಿಕೆಯನ್ನು ಸ್ವೀಕರಿಸಬೇಡಿ.
   (ii) **ಪುಸ್ತಿಕೆಯಲ್ಲಿನ ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ ಮತ್ತು ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆಯನ್ನು ಮುಖಪುಟದ ಮೇಲೆ ಮುದ್ರಿಸಿದ ಮಾಹಿತಿಯೊಂದಿಗೆ ತಾಳೆ ನೋಡಿರಿ. ಪುಟಗಳು/ಪ್ರಶ್ನೆಗಳು ಕಾಣೆಯಾದ, ಅಥವಾ ದ್ವಿಪ್ರತಿ ಅಥವಾ ಅನುಕ್ರಮವಾಗಿಲ್ಲದ ಅಥವಾ ಇತರ ಯಾವುದೇ ವ್ಯತ್ಯಾಸದ ದೋಷಪೂರಿತ ಪುಸ್ತಿಕೆಯನ್ನು ಕೂಡಲೆ 5 ನಿಮಿಷದ ಅವಧಿ ಒಳಗೆ, ಸಂವೀಕ್ಷಕರಿಂದ ಸರಿ ಇರುವ ಪುಸ್ತಿಕೆಗೆ ಬದಲಾಯಿಸಿಕೊಳ್ಳಬೇಕು. ಆ ಬಳಿಕ ಪ್ರಶ್ನೆ ಪತ್ರಿಕೆಯನ್ನು ಬದಲಾಯಿಸಲಾಗುವುದಿಲ್ಲ, ಯಾವುದೇ ಹೆಚ್ಚು ಸಮಯವನ್ನೂ ಕೊಡಲಾಗುವುದಿಲ್ಲ.**
   (iii) ಈ ತಾಳೆ ನೋಡಿದ ಬಳಿಕ, ಪರೀಕ್ಷಾ ಪುಸ್ತಿಕೆ ಸಂಖ್ಯೆಯನ್ನು OMR ಹಾಳೆಯಲ್ಲಿ ನಮೂದಿಸತಕ್ಕದ್ದು ಮತ್ತು OMR ಹಾಳೆ ಸಂಖ್ಯೆಯನ್ನು ಈ ಪರೀಕ್ಷಾ ಪುಸ್ತಿಕೆಯಲ್ಲಿ ನಮೂದಿಸತಕ್ಕದ್ದು.
4. ಪ್ರತಿಯೊಂದು ಪ್ರಶ್ನೆಗೂ (A), (B), (C) ಮತ್ತು (D) ಎಂದು ಗುರುತಿಸಿದ ನಾಲ್ಕು ಪರ್ಯಾಯ ಉತ್ತರಗಳಿವೆ. ನೀವು ಪ್ರಶ್ನೆಯ ಎದುರು ಸರಿಯಾದ ಉತ್ತರದ ಮೇಲೆ, ಕೆಳಗೆ ಕಾಣಿಸಿದಂತೆ ಅಂಡಾಕೃತಿಯನ್ನು ಕಪ್ಪಾಗಿಸಬೇಕು.
   **ಉದಾಹರಣೆ :** (A) (B) ● (D)
   (C) ಸರಿಯಾದ ಉತ್ತರವಾಗಿದ್ದಾಗ.
5. ಪ್ರಶ್ನೆಗಳಿಗೆ ಉತ್ತರಗಳನ್ನು, **ಪತ್ರಿಕೆ I ಪುಸ್ತಿಕೆಯೊಳಗೆ ಕೊಟ್ಟಿರುವ OMR ಉತ್ತರ ಹಾಳೆಯಲ್ಲಿ ಮಾತ್ರವೇ ಸೂಚಿಸತಕ್ಕದ್ದು**. OMR ಉತ್ತರ ಹಾಳೆಯಲ್ಲಿನ ಅಂಡಾಕೃತಿ ಹೊರತುಪಡಿಸಿ ಬೇರೆ ಯಾವುದೇ ಸ್ಥಳದಲ್ಲಿ ಗುರುತಿಸಿದರೆ, ಅದರ ಮೌಲ್ಯಮಾಪನ ಮಾಡಲಾಗುವುದಿಲ್ಲ.
6. ಒಳಗೆ ಕೊಟ್ಟ ಸೂಚನೆಗಳನ್ನು ಜಾಗರೂಕತೆಯಿಂದ ಓದಿರಿ.
7. ಕರಡು ಕೆಲಸವನ್ನು ಪುಸ್ತಿಕೆಯ ಕೊನೆಯಲ್ಲಿ ಮಾಡತಕ್ಕದ್ದು.
8. ನಿಮ್ಮ ಗುರುತನ್ನು ಬಹಿರಂಗಪಡಿಸಬಹುದಾದ ನಿಮ್ಮ ಹೆಸರು ಅಥವಾ ಯಾವುದೇ ಚಿಹ್ನೆಯನ್ನು, ಸಂಗತವಾದ ಸ್ಥಳ ಹೊರತು ಪಡಿಸಿ, OMR ಉತ್ತರ ಹಾಳೆಯ ಯಾವುದೇ ಭಾಗದಲ್ಲಿ ಬರೆದರೆ, ನೀವು ಅನರ್ಹತೆಗೆ ಬದ್ಧರಾಗಿರುತ್ತೀರಿ.
9. ಪರೀಕ್ಷೆಯ ಅಂತ್ಯದಲ್ಲಿ ಕಡ್ಡಾಯವಾಗಿ ಪರೀಕ್ಷಾ ಪ್ರಶ್ನೆಪುಸ್ತಿಕೆ ಮತ್ತು OMR ಉತ್ತರ ಹಾಳೆಯನ್ನು ಸಂವೀಕ್ಷಕರಿಗೆ ನೀವು ಹಿಂತಿರುಗಿಸಬೇಕು ಮತ್ತು ಪರೀಕ್ಷಾ ಕೊಠಡಿಯ ಹೊರಗೆ ನಿಮ್ಮೊಂದಿಗೆ ಕೊಂಡೊಯ್ಯಬಾರದು.
10. **ನೀಲಿ/ಕಪ್ಪು ಬಾಲ್ ಪಾಯಿಂಟ್ ಪೆನ್ ಮಾತ್ರವೇ ಉಪಯೋಗಿಸಿರಿ.**
11. **ಕ್ಯಾಲ್ಕುಲೇಟರ್ ಅಥವಾ ಲಾಗ್ ಟೇಬಲ್ ಇತ್ಯಾದಿಯ ಬಳಕೆಯನ್ನು ನಿಷೇಧಿಸಲಾಗಿದೆ.**
12. **ಸರಿ ಅಲ್ಲದ ಉತ್ತರಗಳಿಗೆ ಋಣ ಅಂಕ ಇರುವುದಿಲ್ಲ.**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered in the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet kept inside the Paper I Booklet only**. If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the OMR Answer Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and OMR Answer Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**



www.StudentBounty.com

StudentBounty.com

# हिंदी

## प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु–विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं। **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. अपभ्रंश के प्रथम महाकवि कौन थे ?
   (A) हेमचन्द्र (B) स्वयंभू
   (C) रामचन्द्र (D) सोमप्रभु सूरि

2. इनमें से कौन सी बोली पश्चिमी हिन्दी की नहीं है ?
   (A) मगही (B) बुंदेली
   (C) बांगरु (D) खड़ी बोली

3. खड़ी बोली के सर्वप्रथम कवि कौन हैं ?
   (A) स्वयंभू (B) अमीर खुसरो
   (C) भारतेंदु (D) महावीर प्रसाद द्विवेदी

4. अब मैं जानी देह बुढ़ानी – यह किस कवि की पंक्ति है ?
   (A) नंददास (B) कृष्णदास
   (C) छीतस्वामी (D) सूरदास

5. जाके प्रिय न राम वैदेही – यह पद तुलसीदास ने किसके नाम पर भेजा था ?
   (A) रहीम (B) नाभादास
   (C) मीराबाई (D) अग्रदास

6. इनमें से जगनिक की काव्य कृति कौन सी है ?
   (A) बीसलदेव रासो (B) शार्गंधरं रासो
   (C) खालिक बारी (D) कुमारपाल चरित

7. सर्वाधिक चरित–काव्य किस साहित्य के अंतर्गत रचे गए ?
   (A) जैन साहित्य (B) सिद्ध साहित्य
   (C) रासो साहित्य (D) नाथ साहित्य

8. सखी सम्प्रदाय के प्रवर्तक थे
   (A) वल्लभाचार्य (B) रामानन्द
   (C) स्वामी हरिदास (D) सूरदास

9. इनमें से रीतिमुक्त कवि कौन हैं ?
   (A) बिहारी (B) आलम
   (C) पद्माकर (D) भूषण

10. रुकमिनि पुनि वैसहि मरी गई । कुलवंति सत सों सति भई ।। इस पंक्ति के रचनाकार कौन हैं ?
   (A) जायसी (B) मंझन
   (C) कुतुबन (D) उसमान

11. बिहारी पर किस संस्कृत कृति का प्रभाव पड़ा है ?
   (A) आर्यासप्तशती (B) गीतगोविंद
   (C) कर्णाभरण (D) कुमारसंभव

12. शब्दार्थौ सहितौ काव्यं – यह किसकी उक्ति है ?
   (A) विश्वनाथ (B) भरतमुनि
   (C) जगन्नाथ (D) भामह

13. सर्वोत्तम शब्दों के सर्वोत्तम विधान को काव्य मानने वाले पाश्चात्य आचार्य कौन हैं ?
   (A) अरस्तू (B) प्लेटो
   (C) कॉलरिज (D) विलियम हैज़लिट

14. ऊँचे घोर मंदर के अंदर रहनवारी ऊँचे घोर मंदर के अंदर राहाति है – इसमें कौन सा अलंकार है ?
   (A) श्लेष (B) यमक (C) रूपक (D) दीपक

15. इनमें से कौन प्रेमचन्द स्कूल के बृहदत्रयी में आते हैं ?
   (A) जैनेन्द्र (B) यशपाल
   (C) सुदर्शन (D) राजेन्द्र यादव

16. काव्य मानवीय जीवन की आलोचना है । उक्त कथन किसका है ?
   (A) इलियट (B) रिचर्ड्स
   (C) मैथ्यु आर्नाल्ड (D) रस्किन

17. प्रेमचन्द ने 'हंस' का प्रकाशन कब शुरु किया ?
   (A) 1930 (B) 1931
   (C) 1929 (D) 1928

18. 'पंत और पल्लव' किसकी रचना है ?
   (A) नंददुलारे वाजपेयी (B) पंत
   (C) भगवतीचरण वर्मा (D) निराला

19. इनमें से अमृतलाल नागरजी का कौन सा उपन्यास जीवनीपटक है ?
   (A) बूँद और समुद्र (B) मानस का हंस
   (C) सुहाग के नूपुर (D) अमृत और विष

20. ज्ञान के साथ भावना का भी विकास होता है – साहित्य के संदर्भ में यह किसका कथन है ?
   (A) नंददुलारे वाजपेयी (B) नगेन्द्र
   (C) अज्ञेय (D) रामचंद्र शुक्ल



www.StudentBounty.com

StudentBounty.com

21. कालक्रम की दृष्टि से उपन्यासकारों का सही अनुक्रम है ।
(A) भगवतीचरण वर्मा, अज्ञेय, फणीश्वरनाथ रेणु, मोहन राकेश
(B) अज्ञेय, फणीश्वरनाथ रेणु, भगवतीचरण वर्मा, मोहन राकेश
(C) मोहन राकेश, अज्ञेय, भगवतीचरण वर्मा, फणीश्वरनाथ रेणु
(D) फणीश्वरनाथ रेणु, भगवतीचरण वर्मा, मोहन राकेश, अज्ञेय

22. कालक्रम की दृष्टि से कौन सा अनुक्रम सही है ?
(A) जगन्नाथ, विश्वनाथ, दण्डी, भामह
(B) दण्डी, जगन्नाथ, विश्वनाथ, भामह
(C) भामह, दण्डी, जगन्नाथ, विश्वनाथ
(D) भामह, दण्डी, विश्वनाथ, जगन्नाथ

23. निम्नलिखित काव्यांदोलनों का कालक्रम निश्चित कीजिए ।
(A) छायावाद, नवजागरण, नई कविता, प्रगतिवाद
(B) नवजागरण, प्रगतिवाद, नई कविता, छायावाद
(C) प्रगतिवाद, नई कविता, छायावाद, नवजागरण
(D) नवजागरण, छायावाद, प्रगतिवाद, नई कविता

24. कफन, चीफ की दावत, वापसी, मधुआ कहानियों के कहानीकारों का सही अनुक्रम है
(A) भीष्म साहनी, जयशंकर प्रसाद, उषा प्रियंवदा, प्रेमचन्द
(B) जयशंकर प्रसाद, उषा प्रियंवदा, भीष्म साहनी, प्रेमचन्द
(C) प्रेमचन्द, भीष्म साहनी, उषा प्रियंवदा, जयशंकर प्रसाद
(D) उषा प्रियंवदा, प्रेमचन्द, भीष्म साहनी, जयशंकर प्रसाद

25. स्थापना काल के अनुसार हिन्दी संस्थाओं का सही अनुक्रम बताइए ।
(A) परिमल, संगीत नाटक अकादमी राष्ट्रीय नाटक एकादमी, प्रगतिशील लेखक संघ
(B) संगीत नाटक अकादमी, राष्ट्रीय नाटक एकादमी, प्रगतिशील लेखक संघ, परिमल
(C) प्रगतिशील लेखक संघ, परिमल, संगीत नाटक एकादमी, राष्ट्रीय नाटक एकादमी
(D) राष्ट्रीय नाटक एकादमी, प्रगतिशील लेखक संघ, परिमल, संगीत नाटक अकादमी

26. काल के अनुसार हिन्दी साहित्य के इतिहास ग्रं... लेखकों का सही अनुक्रम है ।
(A) ठाकुर शिवसिंह सेंगर, जार्ज ए . ग्रियर्सन, मिश्रबंधु, गार्दा द तासी
(B) गार्दा द तासी, ठाकुर शिवसिंह सेंगर, जार्ज ग्रियर्सन, मिश्रबंधु
(C) जार्ज ए. ग्रियर्सन, मिश्रबंधु, गार्दा द तासी, ठाकुर शिवसिंह सेंगर,
(D) मिश्रबंधु, जार्ज ए. ग्रियर्सन, गार्दा द तासी, ठाकुर शिवसिंह सेंगर

27. प्रकाशन की दृष्टि से हिन्दी पत्रिकाओं का कौन–सा अनुक्रम सही है ?
(A) हिन्दी प्रदीप, हिन्दी बंगवासी, हिन्दी केसरी, हिन्दी नवजीवन
(B) हिन्दी नवजीवन, हिन्दी बंगवासी, हिन्दी केसरी, हिन्दी प्रदीप
(C) हिन्दी प्रदीप, हिन्दी केसरी, हिन्दी बंगवासी, हिन्दी नवजीवन
(D) हिन्दी बंगवासी, हिन्दी केसरी, हिन्दी प्रदीप, हिन्दी नवजीवन

28. कालखण्ड की दृष्टि से नाटकों का कौन सा अनुक्रम सही है ?
(A) स्कन्दगुप्त, कबीरा खड़ा बाज़ार में, अंधायुग, गांधी को फाँसी दो
(B) स्कन्दगुप्त, अंधायुग, कबीरा खड़ा बाज़ार में, गांधी को फाँसी दो
(C) स्कन्दगुप्त, गांधी को फाँसी दो, अंधायुग, कबीरा खड़ा बाज़ार में
(D) अंधायुग, स्कन्दगुप्त, गांधी को फाँसी दो, कबीरा खड़ा बाज़ार में

29. रचनाकाल के अनुसार काव्यों का सही अनुक्रम लिखिए ।
(A) संदेशरासक, बिहारी सतसई, खुमान रासो, राग गोविंद
(B) संदेशरासक, खुमानरासो, राग गोविंद, बिहारी सतसई
(C) खुमान रासो, राग गोविंद, बिहारी सतसई, संदेशरासक
(D) राग गोविंद, बिहारी सतसई, संदेशरासक, खुमान रासो



www.StudentBounty.com

StudentBounty.com

30. रसों और उनके स्थायी भावों के साथ सुमेलन कीजिए :

| | |
|---|---|
| (a) वीर | (i) जुगुप्सा |
| (b) करूण | (ii) उत्साह |
| (c) अद्भुत | (iii) शोक |
| (d) बीभत्स | (iv) आश्चर्य |
| | (v) हास |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (D) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

31. निम्नलिखित सूचियों को सुमेलित करते हुए सही कोड का चयन कीजिए ।

| | |
|---|---|
| (a) बड़े भाई साहब | (i) जैनेन्द्र |
| (b) बुद्ध का काँटा | (ii) मन्नू भण्डारी |
| (c) पत्नी | (iii) चंद्रधर शर्मा गुलेरी |
| (d) टूटना | (iv) प्रेमचन्द |
| | (v) राजेन्द्र यादव |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (C) | (iv) | (iii) | (i) | (v) |
| (D) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |

32. पंक्तियों के साथ कवियों का सुमेलन कीजिए ।

| | |
|---|---|
| (a) मो सम कौन कुटिल खल कामी | (i) देव |
| (b) मोको क्या ढूँढे रे बँदे, मैं तो तेरे पास में | (ii) कबीर |
| (c) छोड़ो मत वह सुख का कण है | (iii) सूरदास |
| (d) अभिधा उत्तम काव्य है मध्य लक्षणा लीन अधम व्यंजना रस विरस, उल्टी कहत नीवीन | (iv) जयशंकर प्रसाद |
| | (v) रैदास |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (D) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |

33. दर्शनों और उनके प्रवर्तकों के साथ सुमेलन

| | |
|---|---|
| (a) अद्वैतवाद | (i) निम्बार्क |
| (b) द्वैताद्वैतवाद | (ii) शंकराचार्य |
| (c) शुद्धाद्वैतवाद | (iii) रामानुजाचार्य |
| (d) विशिष्टाद्वैतवाद | (iv) वल्लभाचार्य |
| | (v) मध्वाचार्य |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (D) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

34. पात्रों का उनकी कृतियों के साथ सुमेलन कीजिए :

| | |
|---|---|
| (a) धनिया | (i) मधुमालती |
| (b) सुवासिनी | (ii) गोदान |
| (c) केवट | (iii) चंद्रगुप्त |
| (d) अलाउद्दीन | (iv) रामचरितमानस |
| | (v) पद्मावत |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |
| (C) | (iii) | (iv) | (v) | (i) |
| (D) | (i) | (iii) | (ii) | (v) |

35. आलोचना ग्रंथ को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (a) नाटक | (i) डॉ. बच्चन सिंह |
| (b) कबीर | (ii) भारतेन्दु |
| (c) कविता से साक्षात्कार | (iii) हज़ारीप्रसाद द्विवेदी |
| (d) साहित्य का समाजशास्त्र और रूपवाद | (iv) मलयज |
| | (v) नामवर सिंह |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (D) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |



www.StudentBounty.com

StudentBounty.com

**36.** निम्नलिखित ग्रंथकार और उनके ग्रंथों का सुमेलन कीजिए ।

(a) देवसेन (i) सूरसागर

(b) स्वयंभू (ii) लालचंद

(c) तुलसीदास (iii) पडम चरिउ

(d) सूरदास (iv) हरिचरित

(v) बरवै रामायण

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (C) | (iv) | (iii) | (v) | (i) |
| (D) | (i) | (v) | (iii) | (ii) |

**37.** निम्नलिखित कवियों के साथ उनके काव्यों का सुमेलन कीजिए ।

(a) माखनलाल चतुर्वेदी (i) माता

(b) जयशंकर प्रसाद (ii) आकाशगंगा

(c) डॉ. रामकुमार वर्मा (iii) महाराणा का महत्त्व

(d) सुभद्राकुमारी चौहान (iv) त्रिधारा

(v) साहित्य लहरी

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (v) |
| (B) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (C) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (D) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

**38.** लेखकों को उनकी आत्मकथाओं के साथ सुमेलित कीजिए :

(a) बनारसीदास जैन (i) मेरी आवश्यकताएँ

(b) उग्र (ii) क्या भूलूँ क्या याद करूँ

(c) हरिवंशराय बच्चन (iii) यशपाल

(d) बाबू गुलाब राय (iv) अपनी खबर

(v) अर्द्धकथानक

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (v) | (i) | (ii) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (v) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |

**39.** कृतिकारों को उनकी कृतियों के साथ सुमेलित की

(a) महावीर प्रसाद द्विवेदी (i) मंटो मेरा दुश्मन

(b) श्रीराम शर्मा (ii) शिकार

(c) जैनेन्द्र (iii) ये और वे

(d) अश्क (iv) सभा की सभ्यता

(v) आपका बंटी

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (C) | (ii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (D) | (ii) | (iii) | (i) | (ii) |

**40.** स्थापना (Assertion) (A) : विज्ञान के अन्वेषण से जगत् का उद्धार हो सकता है ।

तर्क (Reason) (R) : विज्ञान केवल निर्माण की दिशा में प्रवृत है ।

(A) (A) सही (R) गलत (B) (A) गलत (R) सही

(C) (A) सही (R) सही (D) (A) गलत (R) गलत

**41.** स्थापना (Assertion) (A) : आत्मा की दो प्रवृत्तियाँ हैं – विचारात्मक और स्वानुभूति.

तर्क (Reason) (R) : विचारात्मक प्रवृत्ति तर्क की क्रिया और स्वानुभूति से उत्पन्न होती है ।

(A) (A) गलत (R) गलत (B) (A) सही (R) सही

(C) (A) सही (R) गलत (D) (A) गलत (R) सही

**42.** स्थापना (Assertion) (A) : कहानी की मूल आत्मा 'एक संवेदना या एक प्रभाव है', कहानी का मूल उद्देश्य कम से कम शब्दों में उस प्रभाव को अभिव्यक्त करना है ।

तर्क (Reason) (R) : उपन्यास और कहानी में आकार का ही भेद है । उपन्यास छोटे होने पर कहानी बन जाता है और कहानी बड़ी होने पर उपन्यास बन जाती है ।

(A) (A) गलत (R) सही

(B) (A) सही (R) गलत

(C) (A) सही (R) सही

(D) (A) आंशिक सही (R) आंशिक गलत



www.StudentBounty.com

StudentBounty.com

**43.** स्थापना (Assertion) (A) : विभिन्न भारतीय मत अप्रत्यक्ष रूप से सौंदर्य को ही काव्य की आत्मा स्वीकार करते हैं ।

तर्क (Reason) (R) : सौंदर्य आकर्षण की क्षमता के कारण आनंद प्रदान करता है ।

(A) (A) सही (R) गलत (B) (A) सही (R) सही
(C) (A) गलत (R) सही (D) (A) गलत (R) गलत

**44.** स्थापना (Assertion) (A) : दण्डी के विचार से इष्ट अर्थ से विभूषित शब्द समूह ही काव्य शरीर है ।

तर्क (Reason) (R) : क्योंकि इष्ट अर्थ से रस निष्पत्ति होती है ।

(A) (A) गलत (R) सही (B) (A) सही (R) सही
(C) (A) सही (R) गलत (D) (A) गलत (R) गलत

**45.** स्थापना (Assertion) (A) : कल्पना एक मानसिक बल है । मनोविज्ञान के आधार पर उसका स्वरूप स्पष्ट होता है ।

तर्क (Reason) (R) : कल्पना ही मनोविज्ञान का आधार है ।

(A) (A) सही (R) सही (B) (A) गलत (R) गलत
(C) (A) गलत (R) सही (D) (A) सही (R) गलत

**निर्देश :** निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़े और उससे संबंधित प्रश्नों (प्रश्न संख्या **46** से **50** तक) के उत्तरों के दिए गए बहुविकल्पों में से सही विकल्प का चयन करें :

फल की भावना से उत्पन्न आनन्द भी साधक को कर्मों की ओर हर्ष और तत्परता के साथ प्रवृत्त करता है । पर फल का लोभ जहाँ प्रधान रहता है वहाँ कर्म-विषयक आनन्द उसी फल की भावना की तीव्रता और मन्दता पर अवलम्बित रहता है, उद्योग के प्रभाव के बीच जब फल की भावना मन्द पड़ती है- उसकी आशा कुछ धुंधली पड़ जाती है, तब-तब आनंद की उमंग गिर जाती है और उसी के साथ उद्योग में भी शिथिलता आ जाती है । पर कर्म-भावना-प्रधान बराबर एकरस रहता है । फलासक्त उत्साही असफल होने पर खिन्न और दुखी होता है, पर कर्मासक्त उत्साही केवल कर्मानुष्ठान के पूर्व की अवस्था में हो जाता है । अत: हम कह सकते हैं कि कर्म-भावना प्रधान उत्साह ही सच्चा उत्साह है । फल-भावना प्रधान उत्साह तो लोभ ही का एक प्रच्छन्न रूप है । उत्साह वास्तव में क[illegible] की मिली-जुली अनुभूति है जिसकी प्रेरणा स[illegible] आती है । यदि फल दूर ही पर दिखाई पड़े, उस[illegible] भावना के साथ ही उसकी लेशमात्र भी कर्म या प्रयत्न के साथ लगाव न मालूम हो तो हमारे हाथ-पाँव कभी न उठें और उस फल के साथ हमारा संयोग ही न हो । इससे कर्म श्रृंखला की पहली कड़ी पकड़ते ही फल के आनंद की भी कुछ अनुभूति होने लगती है । यदि हमें यह निश्चय हो जाए कि अमुक स्थान पर जाने से हमें किसी प्रिय व्यक्ति का दर्शन होगा तो उस निश्चय के प्रभाव से हमारी यात्रा भी अत्यंत प्रिय हो जाएगी । हम चल पड़ेंगे और हमारे अंगी की प्रत्येक गति में प्रफुल्लता दिखाई देगी । यह प्रफुल्लता कठिन से कठिन कर्मों के साधन में भी देखी जाती है । वे कर्म भी प्रिय हो जाते हैं और अच्छे लगने लगते हैं, जब तक फल तक पहुँचाने वाला कर्म-पथ अच्छा न लगेगा तब तक केवल फल का अच्छा लगना कुछ नहीं । फल की इच्छा मात्र हृदय में रखकर जो प्रयत्न किया जाएगा यह अभावमय और आनंदमय शून्य होने के कारण निर्जीव सा होगा ।

**46.** उक्त अवतरण का उचित शीर्षक होगा :

(A) उद्योगशील (B) उत्साह
(C) आशा और उत्साह (D) उत्साह का फल

**47.** कौन सा उत्साही असफल होने पर खिन्न और दुखी होता है ?

(A) फलासक्त उत्साही
(B) निष्काम उत्साही
(C) फल भावना से रहित उत्साही
(D) इनमें से कोई नहीं

**48.** फल और कर्म की मिली जुली अनुभूति को लेखक ने क्या नाम दिया है ?

(A) भावना (B) भाग्य (C) उत्साह (D) नैराश्य

**49.** कर्म श्रृंखला की पहली कड़ी पकड़ते ही साधकों को किसकी अनुभूति होने लगती है ?

(A) उत्साह की (B) निराशा की
(C) फल के आनंद की (D) सफलता की

**50.** लेखक के विचार से फल की इच्छा मात्र हृदय में रखकर किया गया प्रयत्न कैसा होता है ?

(A) निर्जीव (B) उत्साहपूर्ण
(C) आशापूर्ण (D) आनंददायक



www.StudentBounty.com

StudentBounty.com

ಚಿತ್ತು ಬರಹಕ್ಕಾಗಿ ಸ್ಥಳ

Space for Rough Work



www.StudentBounty.com

StudentBounty.com

ಚಿತ್ತು ಬರಹಕ್ಕಾಗಿ ಸ್ಥಳ

Space for Rough Work



www.StudentBounty.com